17/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा ने आज 2024-2025 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच को मंजूरी दे दी है। सदन ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विनियोग विधेयक को भी मंजूरी दे दी। चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले तीन वर्षों में इसने 8.3 प्रतिशत औसत जीडीपी वृद्धि देखी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में रहेगी। देश में बढ़ती महंगाई के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली यूपीए सरकार की तुलना में एनडीए सरकार में हेडलाइन, खुदरा, खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति में भारी कमी आई है।

0000000000000000000000000

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई। तीन किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा में करीब 500 लोगों ने हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य साइकिलिंग को परिवहन के एक स्थायी रूप में और इससे स्वस्थ लाभ बढ़ावा देना है। साइकिलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. मंडाविया ने कहा कि, साइकिलिंग प्रेमियों की सुविधा के लिए 'फिट इंडिया साइकिलिंग ट्यूजडेज़' अब रविवार को आयोजित किया जाएगा और इसका नाम बदलकर 'संडे ऑन साइकिल' कर दिया गया है। रविवार को डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, कॉरपोरेट पेशेवर और युवा न केवल

नई दिल्ली में बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में एक घंटे की साइकिल यात्रा में शामिल होंगे। आज का कार्यक्रम पूरे देश में 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया।

0000000000000000000000

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये गए। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान एक सौ उन्तीसवां संशोधन विधेयक-2024 और केन्द्रशासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक-2024 सदन के पटल पर रखे। दो सौ उनहत्तर सदस्यों ने विधेयक पेश किए जाने के पक्ष में और एक सौ अठ्ठानबे सदस्यों ने इसके विरोध में मत किया। विपक्ष ने विधेयक पेश करने का विरोध किया और इसे संविधान के बुनियादी ढांचे पर प्रहार बताया। उन्होंने विधेयक जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की मांग की। श्री मेघवाल ने विपक्षी दलों के आरोपों का खंडन किया और कहा कि ये विधेयक संविधान की मूल संरचना के खिलाफ नहीं है। उन्होंने विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स और अरुणाचल प्रेस क्लब के पत्रकारों के एक दल ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि अरुणाचल प्रदेश जैसे तेजी से विकसित हो रहे राज्य के लिए, राज्य के मीडिया समुदाय को अपने कर्तव्य में प्रगतिशील और सकारात्मक होना

चाहिए। उन्होंने राज्य के विकास और प्रगति में भागीदार बनने के लिए राज्य के मीडिया समुदाय की सराहना की। राज्यपाल ने मीडिया कर्मियो से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता, नशीली दवाओं की लत और स्वास्थ्य चुनौतियों सहित सामाजिक मुद्दों को शामिल करते हुए सफलता की कहानियों को सामने लाने का सुझाव दिया। इससे पहले अरुणाचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दोदुम यांगफो ने राज्य में पत्रकारों की चुनौतियों और आकांक्षाओं को साझा किया, जिसमें पेंशन योजनाएं और पड़ोसी देशों के एक्सपोजर टूर शामिल हैं।

0000000000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांङ्सू ने लोंगडिंग जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के तीन दिवसीय मूल्यांकन सभा का कल समापन किया। इस जिले के अपने दौरे के दौरान, कृषि मंत्री ने लोंगडिंग के ज़ेडुआ गांव के अंतर्गत लुक्थाम का दौरा भी किया और प्रस्तावित जिला पशु चिकित्सा कार्यालय-सह-औषधालय के लिए एक स्थान की पहचान की। श्री वांगसू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को परियोजना कार्य में तेजी लाने और साथ ही भविष्य में अतिरिक्त सेटअप को ध्यान में रखते हुए परियोजना को डिजाइन करने का भी निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने न्यू कानुबारी में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं का भी जायजा लिया, जहां विभिन्न विभागों के अस्पताल, क्वार्टर और कार्यालयों के लिए महत्वपूर्ण निर्माण कार्य चल रहा है।

000000000000000000000000

अपर सियांग जिले के जिला मजिस्ट्रेट, तालो जेरांग द्वारा आज जारी एक आधिकारिक आदेश में अपर सियांग जिले के पूरे आधिकारिक क्षेत्र में जंगली जानवरों एवं पक्षियों के शिकार के लिए फायर आर्म और एयर गन के इस्तेमाल पर तत्काल प्रभाव से और मार्च 2025 के अंत तक पूर्ण प्रतिबंध जारी किया है। मजिस्ट्रेट ने अपर सियांग जिले के सभी लाइसेंसधारियों को इस महीने की 30 तारीख तक या उससे पहले अपने लाइसेंस्ड फायर आर्म और एयर गन को निकटतम पुलिस स्टेशन में जमा करने का निर्देश दिया है। स्थानीय लोगों से लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में साहसिक खेलों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य के "Hidden Paradise of Northeast" कहा जाने वाला मेचुका, अगले साल 17 से 20 अप्रैल तक तीसरी नेशनल एडवेंचर रेसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा हैं। राज्य के पर्यटन मंत्री पासांग दोरजी सोना ने कल अपने सोशल मीडिया हैंडल द्वार इसकी जानकारी दी। श्री सोना ने कहा कि अरुणाचल में पहली बार होने वाली इस साहसिक दौड़ का उद्देश्य क्षत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और दुनिया भर से प्रतिभागियों को आकर्षित करना है।

0000000000000000